संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–अवन्तिका–पृष्ठ 03 दिनांक 29/03/2021

# नगर निगम की रांगोली ने राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त की

## रतलाम शहर की स्वच्छता के लिए रांगोली ने दी रंगमयी अभिव्यक्ति

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

29-3-2021



रंगोली भारत की प्राचीन सांस्कृतिक परंपरा और लोक-कला है। इसके निर्माण के पीछे निहित भावना और संस्कृति में पर्याप्त समानता है। इसका प्रयोजन सजावट और सुमंगल है और ये नकारात्मक भाव का शमन कर सकारात्मक भावना का संचार करती है। रांगोली की इस प्राचीन परम्परा का उपयोग नगर पालिक निगम रतलाम ने लोगों में स्वच्छता के प्रति सकारात्मक भाव जगाने के लिए किया और कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम, गोपालचन्द्र डाड एवं आयुक्त सोमनाथ झारिया का ये अनूठा नवाचार राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त कर चुका है जो रतलाम शहर के तीन लाख लोगों के लिए हर्ष और गर्व का विषय है। नगर निगम प्रशासन के प्रयास है कि स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत रतलाम शहर देश भर में नम्बर-1 बने। इन्ही प्रयासों का एक हिस्सा रांगोली का निर्माण कराया जाना था।

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड एवं आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा अक्टूबर -2020 से शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए चरणबंध्द योजनाओं पर काम शुरू किया। जिसके चलते प्रथम चरण शहर में लगभग 40-40 सालों से जमे करीब 500 से अधिक अस्थायी कचरा को नष्ट कराया। यहां कोई दोबारा कचरा न डाले इसके लिए कुछ स्थानों पर लाठीधारी कर्मचारियों को भी तैनात किया गया। मगर कुछ स्थानों पर फिर भी लोग नजर बचा कर कचरा निपटान कर ही आते थे।

नकारात्मक सोच वाले लोगों सहित अन्य नागरिकों के मन में स्वच्छता का पावन भाव जगाने के लिए कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड एवं आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा नवाचार शुरू करते हुए कचरा मुक्त स्थानों पर रांगोली का निर्माण शुरू करवाया और सफाई मित्र समूह के माध्यम से पहले ही दिन शहर के 50 से ज्यादा कचरा मुक्त स्थानों पर रांगोली का निर्माण कराया गया। इस नवाचार के दौरान खास बात ये भी रही कि जहां-जहां कचरा मुक्त स्थानों पर रांगोली बनाई गई उसी स्थान पर उसी क्षेत्र के रहवासियों की मौजूदगी में दीपदान कराया जाकर संकल्प दिलाया गया कि वे इस कचरा मुक्त स्थान पर खुद कचरा डालेंगे और ना ही किसी दूसरे को कचरा फेंकने देंगे। इसी के साथ शहर के सार्वजनिक स्थानों, प्राचीन जल स्त्रोतो, हेण्डपंपों, कुएं,बावड़ियों आदि के आसपास भी रांगोली का निर्माण कराया जाकर स्वच्छता के साथ-ही पानी बचाओं का संदेश भी दिया गया।

### रांगोली में कंटेंट से दिया संदेश

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री गोपालचन्द्र डाड एवं आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा किये गये इस नवाचार को आज राष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिल रही है इसका मुख्य कारण सफाई मित्र समूह की प्रत्येक रांगोली में स्वच्छता का संदेश रहा है। कचरे की गाड़ी, कचरा निपटान के लिए चार अलग-अलग डस्टबिन,स्वच्छता दीदी के सेवा कार्य, रिंग पिकर्स के कार्य,सफाई संरक्षक, माता-बहनों और भाईयों का सहयोग सहित तीन सौ अधिक स्वच्छता से जुड़े अलग-अलग विषयों के चित्र रांगोली के माध्यम से निर्मित किए गए और प्रत्येक रांगोली में स्वच्छता से जुड़े नारे और स्लोगनों का समावेश किया गया है।

## कचरा फेंकने आए लोग उल्टे पैर लौट गए

कचरा स्थलों पर रांगोली के माध्यम से स्वच्छता का संदेश देने और नागरिकों में स्वच्छता का भाव जगाने के लिए रांगोली निर्माण के दौरान कई मौके ऐसे भी आए कि जब लोग अपनी आदत के मुताबिक कचरे का थैला लेकर फेंकने आए और वहां रांगोली का निर्माण होते देख उल्टे पैर लौट गए। हनुमान ताल, अमृतसागर आदि जैसे क्षेत्रों में कुछ लोग रांगोली निर्माण के कुछ देर बाद कचरा फेंकने की नियत से आते तो उन्हें रांगोली का निर्माण करने वाले सदस्य कभी फूलों की माला, फूल तो कभी छोटी झाडू आदि भेंट कर दोबारा यहां कचरा न फेंकने के आव्हान करते रहे। इस गांधीगिरी का असर ये भी रहा कि सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकने वाले लोगों ने अपना रास्ता बदल लिया या निर्धारित समय में आने वाली कचरा गाड़ियों में कचरे का निपटान करना शुरू कर दिया।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार दै. भास्कर पृष्ठ 09 दिनांक 29/03/2021

**अड़चन** • प्रशासन और पुलिस के सहयोग से काम करने की योजना बना रहा नगर निगम, सीएम से किए वादे के अनुसार जून तक पूरा करना है काम

# सीवरेज सिस्टम में आफत : कॉलोनी वाले नहीं डालने दे रहे लाइन, इधर, नहीं आई नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की परमिशन

भास्कर संवाददाता | रतलाम

20-3-2021


घरों से निकलने वाले गंदे पानी को अंडरग्राउंड बाहर निकालने के लिए बनाए जा रहे सीवरेज सिस्टम की अड़चनें दूर होने का नाम नहीं ले रही हैं। एक तो अब तक आवेदन और फीस भरने के बावजूद नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) की परमिशनें नहीं आई है। दूसरा, गुलमोहर, राजस्व और मंगलमूर्ति कॉलोनी के रहवासी लाइन नहीं डालने दे रहे। उधर सैलाना यार्ड में बन रहे पंपिंग स्टेशन से कस्तूरबा नगर तिराहे तक जाने वाली लाइन के लिए रेलवे परमिशन नहीं दे रहा। इस कारण फरवरी में तेजी से शुरू हुआ सीवरेज सिस्टम का काम एक बार फिर धीमा पड़ता जा रहा है। ऐसे में अब मुख्यमंत्री (4 फरवरी को आए थे) को जून तक काम पूरा करने का वादा कर चुका है, नगर निगम प्रशासन और पुलिस के सहयोग से कॉलोनियों में खुदाई करके लाइन डालने की तैयारी में है। होली बाद यह कोशिश भी शुरू हो जाएगी।

## वर्तमान स्थिति : अभी कहां चल रहा काम

- **मुख्य लाइन**- सबसे मुश्किल समझा जा रहा मुख्य बाजार वाले इलाके हरदेवलाला पीपली से त्रिपोलिया गेट तक 1600 मीटर डलने वाली 400 एमएम की पाइप लाइन का काम लगभग पूरा होने आया है। ठेकेदार कंपनी ने खोदी गई सड़क का रिस्टोरेशन भी शुरू कर दिया है। 15 दिन में सारा काम खत्म हो जाएगा।
- **पंपिंग स्टेशन** - पांच बनना है। वर्तमान में गोमदड़े की पुलिया और बरबड़ में बन रहे हैं, जबकि अर्जुननगर, डोसीगांव, दीनदयाल के बनकर तैयार हैं। अगले महीने स्टेशन में पंप लग जाएंगे। बिजली कनेक्शन के लिए विद्युत मंडल को आवेदन भी कर दिया है।
- **होम कनेक्शन** - शहर के 43279 घरों के आउटलेट सीवरेज लाइन से जोड़ना है। इसके लिए पांच घर पर एक चैंबर बन चुके। इनमें 18700 घरों के कनेक्शन भी हो गए हैं। अप्रैल में यह काम भी खत्म हो जाएगा।
- **सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट** - करमदी रोड पर बन रहे 21 एमएलडी गंदा पानी साफ करने की क्षमता वाले एसटीपी का काम बहुत धीमा चल रहा है, जबकि खेतलपुर में बन रहे 16.5 एमएलडी क्षमता वाला 98 प्रतिशत तैयार है। दोनों में बिजली कनेक्शन हो चुके हैं। लाइन जुड़ने के बाद उपकरणों की टेस्टिंग होगी। उसके बाद एसटीपी चालू हो सकेंगे।
- **लाइन** - 273 किमी सब ट्रंक और मैन लाइन में से अब सिर्फ 8 किमी डलना बाकी है। चांदनी चौक में काम चल रहा है। कॉलोनियों का अवरोध जल्द खत्म हो गया तो अप्रैल में यह काम भी निपट जाएगा। इसके अलावा 5150 से ज्यादा मैन होल, 11600 से ज्यादा हाउस चैंबर भी बन चुके हैं।



चांदनी चौक में लाइन डालने के लिए चल रही खुदाई।



हरदेवलाला पीपली से मार्ग का रिस्टोरेशन होने लगा है।

*काम तेजी से हो रहा है लेकिन कॉलोनियों के रहवासियों के विरोध के कारण दो जगह लाइन का काम रुका हुआ है। एनजीटी की परमिशन भी नहीं आई है। आवेदन और फीस भी भर चुके। सब कुछ ठीक रहा तो जून तक काम पूरा हो जाएगा।* संदीप चाथम, रेसीडेंट इंजीनियर केकोस

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार दै. भास्कर पृष्ठ 13 दिनांक 29/03/2021

**लॉकडाउन में बदली पर्व की छटा** • जिले में कोरोना संक्रमण बढ़ने की वजह से आज धुलेंडी, गेर और जुलूस पर रहेगी पाबंदी

# शाम को डांडा गाड़ा, 4 घंटे बाद होलिका दहन

### पिछले साल की तुलना में आधे से भी कम स्थानों पर गाड़ा होली का डांडा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

फागुन माह की पूर्णिमा पर लॉकडाउन के बीच रविवार को होलिका दहन हुआ। हर साल कई स्थानों पर एक दिन पहले ही होलिका का डांडा गाड़ा जाता है लेकिन इस बार दोपहर बाद और कई स्थानों पर तो शाम को डांडे रोपे गए। शाम को युवतियां और महिलाओं ने होलिका का पूजन किया और होलिका का दहन हुआ। चूंकि प्रशासन का आदेश था कि होली सांकेतिक रूप से मनाई जाएगी। इससे पिछले साल की तुलना में आधे से भी कम स्थानों पर होली का दहन हुआ। सोमवार को रंगों का पर्व धुलेंडी मनाया जाएगा।

हालांकि कोरोना के चलते इस


कालिकामाता मंदिर में होलिका दहन के बाद परिक्रमा लगाते हुए श्रद्धालु।



### लक्ष्मीनारायण मंदिर में हुआ होलिका का दहन



रतलाम | शहर के प्राचीन कालिकामाता मंदिर के पास महा लक्ष्मीनारायण मंदिर में होलिका दहन रात 9 बजे किया गया। इसके पहले महिलाओं ने पूजा अर्चना की और फिर होलिका का दहन किया। इस मौके पर मंदिर के पुजारी सहित आसपास के रहवासी सीमित संख्या में मौजूद थे।

# निगमकर्मियों का वेतन 10 से 15% बढ़ेगा

# 290 को मिलेगा समयमान वेतनमान, 1 से होगा लागू

भास्कर संवाददाता | रतलाम
29-3-2021

290 निगमकर्मियों को जून से वेतन 10 से 15 प्रतिशत बढ़कर मिलने लगेगा। होली का तोहफा देते हुए नगर निगम ने रविवार को समयमान वेतनमान देने के आदेश जारी कर दिए हैं। यह पहली अप्रैल से लागू हो जाएगा।

आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कहा कि समयमान वेतनमान देने के आदेश जारी कर दिए हैं। यह पहली अप्रैल से लागू होगा। निगम के 290 कर्मचारियों व अधिकारियों को इसका फायदा होगा।

ननि. नया कर्मचारी संघ निगम' जिलाध्यक्ष हेमंत सोलंकी ने कहा कि यह अच्छा निर्णय है, बहुत लंबे समय से मांग कर रहे हैं। कर्मचारियों की कई ज्वलंत समस्याएं अभी बाकी हैं, निगम को उनका भी जल्द से जल्द निराकरण करना चाहिए।

## ऐसे मिलेगा लाभ

शासन के आदेशानुसार 10 साल, 20 साल और 30 साल की सेवा पूरी करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को इसका लाभ 1 अप्रैल से दिया जाएगा। हालांकि समयमान वेतनमान लागू करने यानी सितंबर 2019 से आदेश जारी तक एरियर नहीं मिलेगा, लेकिन वेतन निर्धारण में इसकी गणना की जाएगी।

**चार साल पहले 463 कर्मचारियों का हुआ था नियमितिकरण** -निगमकर्मियों को चार साल बाद बड़ी खुशखबरी मिली है। इसके पहले 2017-18 में नगर निगम के 463 कर्मचारियों को नियमितिकरण किया गया था। उस समय इसे लेकर नगर निगम कर्मचारी यूनियन ने तत्कालीन अध्यक्ष दिनेश सोलंकी के नेतृत्व में जोरदार हड़ताल करना पड़ी थी।

---

1 अप्रैल से मिलेगा लाभ

# 290 निकाय कर्मचारियों को मिलेगा समयमान वेतनमान

## निगम कर्मचारियों को मिला होली का तोहफा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 29-3-2021

रतलाम. मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा 18 सितम्बर 2019 को नगरीय निकायों के अधिकारी एवं कर्मचारियों को समयमान/तृतीय समयमान वेतनमान नगरीय निकायों की आर्थिक स्थिति अनुसार लागु करने के निर्णय अनुसार नगर पालिक निगम रतलाम के 290 अधिकारी/कर्मचारियों को समयमान वेतनमान का लाभ आगामी 1 अप्रैल से मिलेगा।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि कलेक्टर गोपालचन्द्र डाड द्वारा संकल्प क्रमांक 22, 27 मार्च को पारित किया गया है। जिसके तहत शासन आदेशानुसार 10 वर्ष, 20 वर्ष तथा तीस वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण करने वाले निगम के 290 अधिकारी/कर्मचारियों को समयमान वेतनमान का लाभ संकल्प अनुसार 1 अप्रैल से दिया जायेगा। संबंधित अधिकारी/कर्मचारियों को समयमान वेतनमान लागु किये जाने के दिनांक से आदेश जारी होने की दिनांक तक किसी भी प्रकार के एरियर का भुगतान नहीं किया जायेगा किन्तु वेतन निर्धारण में इसकी गणना की जावेगी।


---

# 290 कर्मचारियों को मिलेगा समयमान वेतन

रतलाम। नगर निगम के 290 अधिकारी/कर्मचारियों को समयमान वेतनमान का लाभ दिए जाने की स्वीकृति कलेक्टर व प्रशासक नगर निगम गोपालचंद्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने दी है। नगरीय विकास व आवास विभाग द्वारा 18 सितंबर 2019 को नगरीय निकायों के अधिकारी-कर्मचारियों को समयमान/तृतीय समयमान वेतनमान नगरीय निकायों की आर्थिक स्थिति अनुसार लागू करने के आदेश दिए थे।

निगम आयुक्त ने बताया कि कलेक्टर द्वारा संकल्प क्रमांक-22 तारीख 27 मार्च 2021 पारित किया गया है। इसके अंतर्गत शासन आदेशानुसार 10 वर्ष, 20 वर्ष तथा 30 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण करने वाले निगम के 290 अधिकारी/कर्मचारियों को समयमान वेतनमान का लाभ संकल्प अनुसार एक अप्रैल 2021 से दिया जाएगा। समयमान वेतनमान लागू करने से आदेश जारी होने तक किसी भी प्रकार के एरियर का भुगतान नहीं किया जाएगा, लेकिन वेतन निर्धारण में इसकी गणना होगी। नई दुनिया 29-3

# 80 फीट की खस्ता हालत और अंधेरे में रही दुर्घटनाएं



रतलाम। शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया,युवक कांग्रेस अध्यक्ष मयंक जाट एवं कांग्रेस नेत्री कुसुम चाहर ने गत दिवस वार्ड क्रमांक 9 की समस्याओं को लेकर नगर निगम कमिश्नर सोमनाथ झारिया को ज्ञापन सौंपा।

सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि 80 फीट रोड की खस्ता हालत है। वहीं अंधेरे की वजह से दुर्घटनाएं हो रहे हीं। साथ ही शुभम परिसर से निकलने वाली सीवरेज लाइन को मुख्य लाइन में जोड़ने एवं त्रिमूर्ति नगर में नाली का पानी सड़क पर बहने से रोकने की मांग ज्ञापन के माध्यम से की गई। सज्जन मिल की चाल में पीने के पानी की लाइन को मुख्य पानी की लाइन से जोड़ने व शक्ति नगर में नालियों की सफाई तथा सुदामा नगर बड़बड़ में मुख्य सड़क पर पानी का भराव व नालियों को बनवाने हेतु ज्ञापन निगमायुक्त को दिया गया। साथ ही अन्य जन समस्याओं से अवगत। कमिश्नर ने समस्याओं के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद वंदना पुरोहित, अनिल पुरोहित सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

## हस्तांतरण पर रहवासियों ने जताई खुशी

रतलाम। ऊकाला रोड स्थित सूरजमल जैन कॉलोनी नगर निगम में हस्तांतरण होने की खुशी में कॉलोनी वासियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी जाहिर की। रहवासियों ने माननीय विधायक चेतन कश्यप का आभार व्यक्त किया। जिससे कि कॉलोनी में नगर निगम की सुविधाएं पहुंच सके। रंजना जोशी ने बताया कि पिछले 35 साल से हम सब रहवासी नगर निगम में हस्तांतरण करने में लगे हुए थे परंतु यह कार्य संभव नहीं हो पा रहा था इस हेतु हम सब लोगों ने विधायक से परामर्श कर विधायक ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह से अनुमति दिलवाकर हम सब लोगों को नगर निगम में हस्तांतरित होने से लाभान्वित किया है। इस दौरान सुशील जोशी ,गोपाल पोरवाल, राजेश पाटीदार ,छोटू खां, अब्दुल खां, रोहित परिहार, आशीष जैन , मोहित ,उदित आदि लोग मौजूद थे कार्यक्रम का संचालन रंजना जोशी ने किया। आभार सुशील जोशी ने माना।

## जल संरक्षण के साथ ही बेटी बचाओं का संदेश

स्वच्छता का संदेश देने वाले नवाचार के दौरान ही नगर के पुराने कुएं,बावडियों, नालों,तालाबों आदि को स्वच्छ रखने और जल संरक्षण करने का संदेश भी रांगोली का निर्माण किया गया। इसी तरह शहर सीमा के हेण्डपंप, नलकूप आदि के आसपास भी रांगोली का निर्माण किया गया। इसी के साथ बेटियों को बचाने और इनकी सुरक्षा को लेकर भी समय-समय पर रांगोली के माध्यम से सकारात्मक संदेश दिया गया। विगत माह माननीय मुख्यमंत्री के रतलाम प्रवास के दौरान डोसीगांव में आयोजित कार्यक्रम में सफाई मित्र समूह के माध्यम से विशाल रांगोली के माध्यम से बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं का संदेश दिया गया था। जिसकी माननीय मुख्यमंत्रीजी ने भी सराहना की थी।

# निगम कर्मचारियों को मिला होली का तोहफा

**290 कर्मचारियों को मिलेगा समयमान वेतनमान, 1 अप्रैल से मिलेगा लाभ**

रतलाम। मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा 18 सितम्बर 2019 को नगरीय निकायों के अधिकारी एवं कर्मचारियों को समयमान/तृतीय समयमान वेतनमान नगरीय निकायों की आर्थिक स्थिति अनुसार लागु करने के निर्णय अनुसार नगर पालिक निगम रतलाम के 290 अधिकारी, कर्मचारियों को समयमान वेतनमान का लाभ दिए जाने हेतु कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने स्वीकृति प्रदान कर कर्मचारियों को होली का तोहफा प्रदान किया है।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड द्वारा संकल्प क्रमांक 22 दिनांक 27 मार्च 2021 पारित किया गया है, जिसके तहत शासन आदेशानुसार 10 वर्ष, 20 वर्ष तथा तीस वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण करने वाले निगम के 290 अधिकारी/कर्मचारियों को समयमान वेतनमान का लाभ संकल्प अनुसार 01 अप्रैल 2021 से दिया जाएगा। संबंधित अधिकारी/कर्मचारियों को समयमान वेतनमान लागु किए जाने के दिनांक से आदेश जारी होने की दिनांक तक किसी भी प्रकार के एरियर का भुगतान नहीं किया जाएगा, किन्तु वेतन निर्धारण में इसकी गणना की जाएगी।

प्रसारण 29-3-2021

# 290 कर्मचारियों को समयमान वेतनमान का लाभ 1 अप्रैल से

स्वदेश 29-3-2021

रतलाम। मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा 18 सितम्बर 2019 को नगरीय निकायों के अधिकारी एवं कर्मचारियों को समयमान/तृतीय समयमान वेतनमान नगरीय निकायों की आर्थिक स्थिति अनुसार लागु करने के निर्णय अनुसार नगर पालिक निगम रतलाम के 290 अधिकारी/कर्मचारियों को समयमान वेतनमान का लाभ दिये जाने हेतु कलेक्टर एवं प्रशासक गोपालचन्द्र डाड व निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने स्वीकृति प्रदान की। संकल्प क्रमांक 22 दिनांक 27.03.2021 पारित किया। जिसके तहत शासन आदेशानुसार 10 वर्ष, 20 वर्ष तथा तीस वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण करने वाले निगम के 290 अधिकारी, कर्मचारियों को समयमान वेतनमान का लाभ संकल्प अनुसार 1 अप्रैल 2021 से दिया जायेगा। संबंधित अधिकारी, कर्मचारियों को समयमान वेतनमान लागू किये जाने के दिनांक से आदेश जारी होने की दिनांक तक किसी भी प्रकार के एरियर का भुगतान नहीं किया जावेगा, किन्तु वेतन निर्धारण में इसकी गणना की जावेगी।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–राजएक्सप्रेस पृष्ठ 02 दिनांक 29/03/2021

## वार्ड नंबर 9 की जन समस्याओं को लेकर कांग्रेसियों ने निगमायुक्त को अवगत कराया



**रतलाम।** शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया एवं युवक कांग्रेस अध्यक्ष मयंक जाट एवं कांग्रेस नेत्री कुसुम चाहर द्वारा वार्ड क्रमांक 9 की विभिन्न समस्याओं को लेकर नगर निगम कमिश्नर सोमनाथ झारिया को ज्ञापन दिया गया। जिसमें मुख्य रुप से 80 फिट रोड की खस्ता हालत एवं अंधेरे में होने वाली दुर्घटनाओं से अवगत कराया गया। शुभम परिसर से निकलने वाली सीवरेज लाइन को मुख्य लाइन में जोड़ने हेतु एवं त्रिमूर्ति नगर मे नाली का पानी सड़क पर बहने से रोकने हेतु तथा सज्जन मिल की चाल में पीने के पानी की लाइन को मुख्य पानी की लाइन से जोड़ने हेतु एवं शक्ति नगर मे नालियों की सफाई तथा सुदामा नगर बड़बड़ में मुख्य सड़क पर पानी का भराव व नालियों को बनवाने हेतु व अन्य सभी जन समस्याओं से अवगत कराया गया। कमिश्नर महोदय द्वारा समस्याओं के शीघ्र निराकरण हेतु आश्वासन दिया गया इस अवसर पर पूर्व पार्षद श्रीमती वंदना पुरोहित, अनिल पुरोहित इत्यादि उपस्थित थे।

**बाहर है कोरोना:** होली पर किसी भी शहर में लॉकडाउन नहीं पर घर में ही रहना

# इस साल पहली बार 2276 नए संक्रमित, आज कोरोना डाउन कर खुशियां करें लॉक

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com 29-3-2021

भोपाल. भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर समेत 12 शहरों में रविवार को लॉकडाउन रहा। घर से बाहर निकले लोगों से पूछताछ की गई। ज्यादा संक्रमण वाले जिलों में शाम से देर रात तक सांकेतिक रूप से होलिका दहन के कार्यक्रम हुए। अब यहां सोमवार को पाबंदियों के साथ ही होली (धुलेंडी) मनाई जाएगी। प्रदेश के किसी भी जिले में लॉकडाउन नहीं लगाया जाएगा, लेकिन भोपाल-इंदौर सहित ज्यादा संक्रमण वाले शहरों में अघोषित लॉकडाउन जैसी स्थिति रहेगी। पुलिस की सख्ती रहेगी। सार्वजनिक कार्यक्रम नहीं होंगे।

रविवार को राज्य में कोरोना संक्रमण के 2276 केस मिले हैं। वर्ष 2021 में जनवरी से अब तक एक दिन में यह सबसे बड़ा आंकड़ा है। वहीं, 11 लोगों की मौत हुई। शनिवार को 2142 मामले सामने आए थे। अब संक्रमण की दर 8.9 फीसदी पर पहुंच गई है। राज्य में कोरोना के 14185 एक्टिव केस हैं।

### मंशा थी, लेकिन नहीं लगाया लॉकडाउन

सीएम शिवराज सिंह चौहान ने लोगों से घर में ही होली मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा, भोपाल, इंदौर, जबलपुर, उज्जैन, ग्वालियर, बैतूल, छिंदवाड़ा, बालाघाट, खरगोन, रतलाम, खंडवा और विदिशा में प्रकरण तेजी से बढ़ रहे हैं। इसे रोकने के लिए सावधानी, सतर्कता और अनुशासन की जरूरत है। पहले भोपाल-इंदौर सहित ज्यादा संक्रमण वाले सात जिलों में सरकार की मंशा लॉकडाउन लगाने की थी, लेकिन अर्थव्यवस्था और धार्मिक भावनाओं को देखते हुए ऐसा नहीं किया गया।

## सख्ती इतनी कि पुलिस के पहरे में होलिका दहन



तस्वीर इंदौर की है। यहां पुलिस के पहरे में होलिका दहन किया गया। प्रशासन ने भीड़ नहीं जुटने दी।

### कहां-कितने नए केस



- इंदौर 603
- भोपाल 498
- जबलपुर 172
- रतलाम 84
- उज्जैन 69

### देश में संक्रमण के 62,714 नए केस

स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार बीते 24 घंटे में देश में संक्रमण के 62,714 मामले सामने आए। शनिवार को यह आंकड़ा 62,258 था। 312 लोगों की मौत हो गई। संक्रमण का कुल आंकड़ा बढ़कर 1,19,71,624 हो गया है। मृतकों की संख्या 1,61,552 हो गई है। 24 घंटे में 28,739 मरीज स्वस्थ भी हुए हैं।

**अच्छी खबर:** राज्य में अब तक कुल 32,38,119 लोगों का टीकाकरण

# टीका लगवाने में 60+ वाले आगे

भोपाल @ पत्रिका. कोरोना का टीका लगवाने में 60 साल या उससे ज्यादा उम्र के लोग सबसे आगे हैं। अब तक इस आयु वर्ग के 16 लाख 36 हजार से अधिक लोगों ने वैक्सीन लगवाई है, जबकि 18 से 25 साल के युवाओं में उत्साह कम नजर आता है। आंकड़ों के मुताबिक इस आयु वर्ग के 53 हजार लोगों ने टीका लगवाया है। हालांकि डॉक्टर, स्वास्थ्यकर्मी, फ्रंट लाइन वर्कर्स की नौकरी में इस वर्ग के लाखों लोग स्थाई और अस्थायी रूप से काम कर रहे हैं। राज्य में

**प्रदेश में कितने महिला-पुरुषों का टीकाकरण**



| | |
|---|---|
| 1473378 पुरुष | 2940023 डोज कोविशील्ड |
| 1267153 महिला | 298096 डोज को-वैक्सीन |
| 298 अन्य | |

32,38,119 लोगों को वैक्सीन लगाई जा चुकी है। टीकाकरण में तेजी लाने के लिए सरकार ने 410 केन्द्र बनाए हैं। इनमें 366 सरकारी और 44 निजी चिकित्सालयों में हैं। अच्छी बात यह भी है कि वैक्सीन का रिएक्शन महज 0.011 फीसदी है। शुरुआती दौर में यह पांच फीसदी से ज्यादा सामने आया था। दूसरे डोज की गति भी तेजी से बढ़ रही है। 27,40,829 को पहला डोज और इन्हीं लोगों में से 4,97,200 को दूसरा डोज लगाया जा चुका है। वहीं, देश में 5,95,40,854 लोगों को कोरोना का टीका लगाया जा चुका है। इनमें 2,71,29,036 पुरुष तो 2,40,29,099 महिलाएं शामिल हैं। इधर, अब 1 अप्रैल से 45 साल से अधिक उम्र वाले लोगों को वैक्सीन लगाई जाएगी। इस तीसरे चरण में मध्यप्रदेश में करीब 1.70 करोड़ का टीकाकरण होगा। सरकार ने हर दिन ढाई से तीन लाख डोज लगाने का लक्ष्य रखा है।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– पत्रिका –पृष्ठ 04 दिनांक 27/03/2021

गंदगी करने वालों के खिलाफ खोला मोर्चा

# रात 2 बजे स्टेडियम में कचरा डालने आए, आयुक्त ने बाइक थाने में जमा कराई

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 27-3-2021

रतलाम. शहर में आधी रात में चोरी छिपे नेहरू स्टेडियम में कचरा बाइक से डालने आए युवकों पर गंदगी फैलाने पर जुर्माना लगाने के बजाए नया तरीका नगर निगम ने निकाला। जो लोग कचरा डालने आए थे उनकी बाइक को जब्त किया गया व दो बत्ती स्थित पुलिस थाने में दे जमा करवा दिया गया। नगर निगम का कहना है कि कुछ नकारात्मक लोग जानकरके शहर को स्वच्छता में नंबर एक पर आने से रोकना चाहते हैं, उनको बर्दाश्त नहीं किया जाएगा व गंदगी करने वालों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया गया है। अब सड़क पर कचरा डाला गया तो खेर नहीं है।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि लंबे समय से नेहरू स्टेडियम से खेल संगठन से जुड़े लोग शिकायत कर रहे थे कि जब से सुबह आते हैं तो स्टेडियम में कचरा मिलता है। इसके बाद पहले स्वच्छता करवाई गई। इसके बाद भी जब स्टेडियम में गंदगी फिर से आई तो इस पर नजर रखने का निर्णय लिया गया। इसके लिए सीसीटीवी कैमरे की मदद तो ली ही गई, इसके अलावा स्टेडियम के करीब कर्मचारियों को तैनात किया गया जो यह नजर रखें की कौन लोग आकर स्टेडियम में रात में कचरा डालते हैं। इसके बाद बिती रात दो युवक करीब 2 बजे बाइक पर कचरा डालने आए तो उनको पकड़ा गया व पकड़ने वाले कर्मचारियों ने वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी सूचना दी। इसके बाद आयुक्त झारिया, स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी एपीसिंह सहित अन्य पहुंचे व युवकों से बात की। इसके बाद जब पता चला कि वे लंबे समय से यह कार्य कर रहे हैं तो गंदगी पर जुर्माना लगाने के बजाए निर्णय लिया गया कि बाइक को ही जब्त कर लिया जाए व पुलिस को सौंप दिया जाए। इसके बाद तड़के करीब 4 बजे दो बत्ती पुलिस थाने में आयुक्त झारिया के निर्देश पर बाइक जमा करवाई गई।

शहर में गंदगी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं है। कुछ लोग जान करके गंदगी करके शहर को स्वच्छता की रेंकिंग में पीछे लाना चाहते है जो नहीं होने दिया जाएगा।

– **सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

# कॉलोनी नगर निगम को हैंडओवर हुई तो मना जश्न



## एक दूसरे का मुंह मीठा कर मनाया होली का उत्सव

पत्रिका 29 3 21

रतलाम. शहर की करीब 35 वर्ष से अधिक पूर्व की सूरजमल जैन नगर कॉलोनी के वैध होने व नगर निगम को हैंड ओवर होली के पूर्व होने पर जश्न मनाया गया। एक दूसरे को मिठाई खिलाई व शहर विधायक चेतन्य काश्यप व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा कॉलोनी को वैध करने के प्रयास पर आभार प्रकट किया।

ऊकाला रोड स्थित सूरजमल जैन कॉलोनी नगर निगम में हस्तांतरण होने की खुशी में कॉलोनी वासियों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी जाहिर की। रहवासियों ने विधायक काश्यप का आभार व्यक्त किया। जिससे कि कॉलोनी में नगर निगम की सुविधाएं पहुंच सके। रंजना जोशी ने बताया कि पिछले 35 साल से हम सब रहवासी नगर निगम में हस्तांतरण करने में लगे हुए थे परंतु यह कार्य संभव नहीं हो पा रहा था। इस हेतु हम सब लोगों ने विधायक काश्यप से संपर्क किया व उनको समस्याएं बताई। अब कॉलोनी में नगर निगम की सभी सुविधाएं मिलेगी। इस अवसर पर सुशील जोशी ,गोपाल पोरवाल, राजेश पाटीदार ,छोटू खां, अब्दुल खां, रोहित परिहार, आशीष जैन , मोहित ,उदित आदि लोग मौजूद थे। संचालन रंजना जोशी ने किया।

# पॉलीथीन व डिस्पोजल आयटम चरणबद्ध तरीके से होगा प्रतिबंधित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

29-3-2021

गंदगी का मुख्य कारण प्लास्टिक होने से शासन द्वारा पॉलीथीन बैग व डिस्पोजेबल आयटमों को प्रतिबंधित किया गया है। नगरीय क्षेत्र रतलाम में पॉलीथीन बैग व डिस्पोजेबल आयटमों पर चरणबद्ध तरीके से प्रतिबंध लगाये जाने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बैठक में निगम अधिकारियों को निर्देषित किया।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने बैठक में निर्देशित किया कि 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की हैण्डल सहित व हैण्डल रहीत पॉलीथीन को पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाना है इस हेतु व्यापक प्रचार प्रसार किया जाये साथ ही प्लास्टिक व थर्मोकॉल के डिपोजेबल आयटमों को भी प्रतिबंधित किया जाना है।

नागरिक व दुकानदार पॉलीथीन बैग के स्थान पर कपड़े की थैली, नारियल या जूट की थैली का उपयोग करें, प्लास्टिक व थर्मोकोल से निर्मित कप, ग्लास, कटोरी, चम्मच, कन्टेनर, स्ट्रॉ आदि के स्थान पर पेपर स्ट्रॉ, पेपर प्लेट, दोने पत्तल, पत्तो से निर्मित बाउल, केले के तने तथा नारियल के पत्तों से निर्मित प्लेट एवं बाउल, मिट्टी के कुल्लहड़ आदि का उपयोग खाद्य एवं पेय पदार्थों के लिये करें इस हेतु प्रेरित किया जाये। बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने पॉलीथीन व डिस्पोजेबल आयटमों के विक्रय, भण्डारण तथा उपयोग पाये जाने पर जब्ती व अर्थदण्ड की कार्यवाही किये जाने के निर्देष संबंधित को दिये।

नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में, नाले-नालियों में कचरा डालते है व 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन का विक्रय, उपयोग व भण्डारण करते है उन पर जुर्माना किये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने दल का गठन कर स्पॉट फाईन हेतु वाहन भी उपलब्ध कराया है।

# दीपक जैन से 115 किलो पॉलीथीन जब्त



प्रसारण न्यूज • रतलाम

29-3-2021

शासन निर्देशानुसार नगरीय क्षेत्र रतलाम में 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन व प्लास्टिक उपयोग प्रतिबंधित किए जाने के तहत कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। त्रिवेणी रोड स्थित बकरा शाला के सामने दीपक जैन द्वारा विक्रय हेतु ले जाई जा रही 50 माईक्रॉन से कम की 115 किलो पॉलीथीन को जब्त किया जाकर संबंधित पर 1000 का जुर्माना किया गया। जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाडे, उप स्वच्छता निरीक्षक विराट मेहता के अलावा मनोज टांक, पवन झांझोट, आकाश शिन्दे, राकेश ललावत व मनोज झांझोट आदि के द्वारा की गई। गंदगी व मलबा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितों के विरूद्ध जुर्माना किये जाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# पॉलीथीन व डिस्पोजल आयटम चरणबद्ध तरीके से होगा प्रतिबंधित

29-3-2021

रतलाम। गंदगी का मुख्य कारण प्लास्टिक होने से शासन द्वारा पॉलीथीन बैग व डिस्पोजेबल आयटमों को प्रतिबंधित किया गया है। नगरीय क्षेत्र रतलाम में पॉलीथीन बैग व डिस्पोजेबल आयटमों पर चरणबद्ध तरीके से प्रतिबंध लगाये जाने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बैठक में निगम अधिकारियों को निर्देषित किया।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने बैठक में निर्देशित किया कि 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की हैण्डल सहित व हैण्डल रहीत पॉलीथीन को पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाना है इस हेतु व्यापक प्रचार प्रसार किया जाये साथ ही प्लास्टिक व थर्मोकॉल के डिपोजेबल आयटमों को भी प्रतिबंधित किया जाना है।

नागरिक व दुकानदार पॉलीथीन बैग के स्थान पर कपड़े की थैली, नारियल या जूट की थैली का उपयोग करें, प्लास्टिक व थर्मोकोल से निर्मित कप, ग्लास, कटोरी, चम्मच, कन्टेनर, स्ट्रॉ आदि के स्थान पर पेपर स्ट्रॉ, पेपर प्लेट, दोने पत्तल, पत्तो से निर्मित बाउल, केले के तने तथा नारियल के पत्तों से निर्मित प्लेट एवं बाउल, मिट्टी के कुल्हड़ आदि का उपयोग खाद्य एवं पेय पदार्थों के लिये करें इस हेतु प्रेरित किया जाये।

बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने पॉलीथीन व डिस्पोजेबल आयटमों के विक्रय, भण्डारण तथा उपयोग पाये जाने पर जब्ती व अर्थदण्ड की कार्यवाही किये जाने के निर्देष संबंधित को दिये।

# जन समस्याओं को लेकर कांग्रेस नेत्री ने निगमायुक्त को अवगत कराया

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

29-3-2021



शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया एवं युवक कांग्रेस अध्यक्ष मयंक जाट एवं कांग्रेस नेत्री कुसुम चाहर द्वारा वार्ड क्रमांक 9 की विभिन्न समस्याओं को लेकर नगर निगम कमिश्नर सोमनाथ झारिया को ज्ञापन दिया गया। जिसमें मुख्य रुप से 80 फिट रोड की खस्ता हालत एवं अंधेरे में होने वाली दुर्घटनाओं से अवगत कराया गया। शुभम परिसर से निकलने वाली सीवरेज लाइन को मुख्य लाइन में जोड़ने हेतु एवं त्रिमूर्ति नगर में नाली का पानी सड़क पर बहने से रोकने हेतु तथा मंजुनाथ मिल की चाल में पीने के पानी की लाइन को मुख्य पानी की लाइन से जोड़ने हेतु एवं शक्ति नगर में नालियों की सफाई तथा सुदामा नगर बड़बड़ में मुख्य सड़क पर पानी का भराव व नालियों को बनवाने हेतु व अन्य सभी जन समस्याओं से अवगत कराया गया। कमिश्नर द्वारा समस्याओं के शीघ्र निराकरण हेतु आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद श्रीमती वंदना पुरोहित, अनिल पुरोहित इत्यादि उपस्थित थे।

## खुले में गंदगी करने व पॉलीथीन का विक्रय व उपयोग करने वालो की सूचना स्पॉट फाईन दल को दें

रतलाम। नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में, नाले–नालियों में कचरा डालते है व 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन का विक्रय, उपयोग व भण्डारण करते है उन पर जुर्माना किये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने दल का गठन कर स्पॉट फाईन हेतु वाहन भी उपलब्ध कराया है। प्रसारण 29-3-2021

## वार्ड में गंदगी पाई गई तो झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षक के विरूद्ध होगी कार्यवाही

प्रसारण 29-3-2021

रतलाम। स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 में रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर–1 बनाने हेतु नगर निगम दृढ़ संकल्पित है, जिसके तहत वार्डो की सड़क, गली, सार्वजनिक स्थल, नाले–नालियों आदि समुचित सफाई हेतु झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व वार्ड के सफाई संरक्षक पाबंद है। वार्डो में गंदगी, कचरे के ढेर, नाले–नालियों में कचरा पाए जाने पर संबंधितों को हटाने की कार्यवाही की जाएगी। वार्डो की समुचित साफ–सफाई का दायित्व झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षकों का दायित्व है, वे अपने कर्त्तव्य का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी करें, यदि वार्डो में साफ–सफाई नहीं पाई जाती है, तो संबंधितों को हटाने की कार्यवाही की जाएगी।

## अनुपस्थित 16 सफाई संरक्षकों का वेतन काटा

प्रसारण 29-3-2021

रतलाम। निगम के चारों झोन के वार्डो की सफाई कार्य के निरीक्षण के दौरान नगर के विभिन्न वार्डो में 27 मार्च शनिवार को 16 सफाई संरक्षकों द्वारा बिना सूचना के अपने कर्त्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाए जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर अस्थाई कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त करने व स्थायी कर्मचारियों को निलंबित किए जाने के संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।



# सूरज मल जैन कॉलोनी नगर निगम में हैंड ओवर होने से रहवासियों ने जताई खुशी

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम
29-3-2021

उकाला रोड स्थित सूरजमल जैन कॉलोनी नगर निगम में हस्तांतरण होने की खुशी में कॉलोनी वासियों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी जाहिर की।

रहवासियों ने विधायक चेतन कश्यप का आभार व्यक्त किया, जिससे कॉलोनी में नगर निगम की सुविधाएं पहुंच सकें। रंजना जोशी ने बताया कि पिछले 35 साल से हम सब रहवासी नगर निगम में हस्तांतरण करने में लगे हुए थे, परंतु यह कार्य संभव नहीं हो पा रहा था, इस हेतु हम सब लोगों ने विधायक जी से परामर्श कर विधायक जी ने श्री मुख्यमंत्री शिवराज सिंहजी से अनुमति दिलवाकर हम सब लोगों को नगर निगम में हस्तांतरित होने से लाभान्वित किया है, इसलिए हम सब क्षेत्रवासी श्री मुख्यमंत्री शिवराज सिंह जी चौहान व रतलाम विधायक चेतन कश्यप का आभार प्रकट करते हैं। कार्यक्रम में सुशील जोशी, गोपाल पोरवाल, राजेश पाटीदार, छोटू खां, अब्दुल खां, रोहित परिहार, आशीष जैन, मोहित, उदित आदि लोग मौजूद थे।

कार्यक्रम का संचालन रंजना जोशी ने किया। आभार सुशील जोशी ने माना।

# 35 साल बाद नगर निगम के हैंडओवर हुई सूरजमल जैन कॉलोनी, रहवासियों ने खुशी जताकर बांटी मिठाइयां

भास्कर संवाददाता | रतलाम
29-3-2021

उकाला रोड स्थित सूरजमल जैन कॉलोनी नगर निगम में हस्तांतरण होने से कॉलोनी के रहवासियों में खुशी है। कॉलोनीवासियों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जताई और विधायक चेतन्य काश्यप का आभार माना।

कॉलोनी की रंजना जोशी ने बताया कि पिछले 35 साल से कॉलोनी नगर निगम में हस्तांतरित नहीं हो रही थी। इससे विकास कार्यों में दिक्कत आ रही थी और हम सभी परेशान थे। विधायक के प्रयासों से हमारी कॉलोनी का स्थानांतरण हो गया। इस मौके पर सुशील जोशी ,गोपाल पोरवाल, राजेश पाटीदार ,छोटू खां, अब्दुल खां, रोहित परिहार, आशीष जैन , मोहित ,उदित आदि लोग मौजूद थे। संचालन रंजना जोशी ने किया। आभार सुशील जोशी ने माना।



नगर निगम में सूरजमल जैन नगर कॉलोनी के हस्तांतरण पर खुशी जताते हुए रहवासी।

12 शहरों में लॉकडाउन पर सन्नाटा • इंदौर में एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 3286 हुई

# डरावना आंकड़ा... प्रदेश में 2276 नए संक्रमित 11 मौतें, रतलाम में पहली बार 94 पॉजिटिव मिले

## रतलाम में 89वीं मौत, 10 साल से कम उम्र के 4 बच्चे संक्रमित


भास्कर संवाददाता | रतलाम

29-3-2021

रतलाम शहर रविवार को पूरी तरह लॉक रहा। लेकिन, इस दौरान कोरोना अनलॉक था। यानी... रविवार को बड़ा कोरोना विस्फोट हुआ है। पहली बार एक साथ 94 पॉजिटिव सामने आ गए। इसी के साथ कुल संक्रमितों का आंकड़ा 5299 पर पहुंच गया है।

रतलाम में रविवार को पूरी तरह सफल लॉकडाउन रहा। हालांकि, शाम को एक साथ 94 लोग पॉजिटिव मिले, ये अब तक का एक दिन में मिले पॉजिटिव का सबसे बड़ा आंकड़ा है। एक दिन पहले शनिवार को 84 लोग संक्रमण का शिकार हुए थे। संक्रमितों में 4 बच्चे भी शामिल हैं, जिनकी उम्र 7 साल, 9 साल, 10 साल और 8 साल है। इधर, रविवार को 51 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया है।

## सहमति का लॉकडाउन... इसी से टूटेगी कोरोना की चेन



लॉकडाउन के बीच यह तस्वीर फव्वारा चौक की है जहां पुलिस की गैरमौजूदगी के बावजूद लोगों ने आवाजाही में संयम बरता। क्लिक टाइम : 1.10 बजे, फोटो : चिंटू मेहता

## लॉकडाउन के बीच फार्म हाउस पर चल रही थी शराब पार्टी

इंदौर | रविवार को राजेंद्र नगर इलाके के एक फार्म हाउस में शराब और हुक्का पार्टी चल रही थी। पुलिस व प्रशासन की टीम ने दबिश देकर दो युवतियों सहित 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। सभी पर धारा 188 की कार्रवाई की है। एएसपी प्रशांत चौबे ने बताया कि राजेंद्र नगर इलाके की सनशाइन रेसीडेंसी में स्थित इनायत फार्म हाउस में देर रात लाइट व म्यूजिक चलने की सूचना मिली थी। इस पर टीआई अमृता सोलंकी व नायब तहसीलदार रेखा सचदेवा के साथ टीम ने फार्म हाउस पर दबिश दी।

बेकाबू हो रही दूसरी लहर...

## देश में 68 हजार केस, इनमें से 40 हजार महाराष्ट्र के

### उद्धव लॉकडाउन की तैयारी में

नई दिल्ली/मुंबई | देश में कोरोना की रफ्तार थम नहीं रही है। पूरे देश में रविवार को 66 हजार से ज्यादा नए मामले रिकॉर्ड किए गए। महाराष्ट्र में कोरोना ने पुराने सभी रिकॉर्ड को तोड़ दिया। यहां 40,414 नए मामले सामने आए। यह कुल नए मामलों का 59.52% है। वहीं राज्य में 108 लोगों की कोरोना से मौत हुई है। इसके बाद मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने आपात बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को पूरे राज्य में लॉकडाउन की एसओपी (मानक संचालन प्रक्रिया) के निर्देश दिए हैं। जरूरी तैयारी करने के भी निर्देश दिए गए हैं। महाराष्ट्र में कोरोना संक्रमितों का आंकड़ा बढ़कर 2,71,3875 हो गया है। अब तक 54,181 लोग इस जानलेवा बीमारी के शिकार बन चुके हैं। सक्रिय मरीजों की संख्या 3,25,901 हो गई है।

# नगर निगम की रांगोली ने राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त की

## रतलाम शहर की स्वच्छता के लिए रांगोली ने दी रंगमयी अभिव्यक्ति

रतलाम। रंगोली भारत की प्राचीन सांस्कृतिक परंपरा और लोक-कला है। इसके निर्माण के पीछे निहित भावना और संस्कृति में पर्याप्त समानता है। इसका प्रयोजन सजावट और सुमंगल है और ये नकारात्मक भाव का शमन कर सकारात्मक भावना का संचार करती है। रांगोली की इस प्राचीन परम्परा का उपयोग नगर पालिक निगम रतलाम ने लोगों में स्व%छता के प्रति सकारात्मक भाव जगाने के लिए किया और कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द डाड एवं आयुक्त सोमनाथ झारिया का ये अनूठा नवाचार आज राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त कर चुका है जो रतलाम शहर के तीन लाख लोगों के लिए हर्ष और गर्व का विषय है। नगर निगम प्रशासन के प्रयास है कि स्व%छ सर्वेक्षण-2021 के तहत रतलाम शहर देश भर में नम्बर -बने। इन्ही प्रयासों का एक हिस्सा रांगोली का निर्माण कराया जाना था।

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द डाड एवं आयुक्त सोमनाथ झारिया




द्वारा अक्टूबर -2020 से शहर को स्व%छ और सुंदर बनाने के लिए चरणबंध्द योजनाओं पर काम शुरु किया। जिसके चलते प्रथम चरण शहर में लगभग 40-40 सालों से जमे करीब 500 से अधिक अस्थायी कचरा को नष्ट कराया। यहां कोई दोबारा कचरा न डाले इसके लिए कुछ स्थानों पर लाठीधारी कर्मचारियों को भी तैनात किया गया। मगर कुछ स्थानों पर फि भी लोग नजर बचा कर कचरा निपटान कर ही आते थे। नकारात्मक सोच वाले लोगों सहित अन्य नागरिकों के मन में स्वच्छता का पावन भाव जगाने के लिए कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम एवं आयुक्त द्वारा नवाचार शुरु करते हुए कचरा मुक्त स्थानों पर रांगोली का निर्माण शुरु करवाया और सफाई मित्र समूह के माध्यम से पहले ही दिन शहर के 50 से ज्यादा कचरा मुक्त स्थानों पर रांगोली का निर्माण कराया गया। इस नवाचार के दौरान खास बात ये भी रही कि जहां-जहां कचरा मुक्त स्थानों पर रांगोली बनाई गई उसी स्थान पर उसी क्षेत्र के रहवासियों की मौजूदगी में दीपदान कराया जाकर संकल्प दिलाया गया कि वे इस कचरा मुक्त स्थान पर खुद कचरा डालेंगे और ना ही किसी दूसरे को कचरा फेंकने देंगे।


इसी के साथ शहर के सार्वजनिक स्थानों, प्राचीन जल स्त्रोतो, हेण्डपंपों, कुए,बावड़ियों आदि के आसपास भी रांगोली का निर्माण कराया जाकर स्वच्छता के साथ ही पानी बचाओं का संदेश भी दिया गया।

साल की तुलना में आधे से भी कम स्थानों पर होली का दहन हुआ। सोमवार को रंगों का पर्व धुलेंडी मनाया जाएगा।

हालांकि कोरोना के चलते इस बार जुलूस और गेर पर पाबंदी लगी है। इससे लोग घरों पर ही होली मनाएंगे और एक दूसरे को रंग और गुलाल लगाएंगे। ऐसा पहली बार होगा जब घरों में ही होली मनाई जाएगी। रविवार का लॉकडाउन होने से लोगों ने शनिवार को ही पिचकारियां और गुलाल के पैकेट खरीद लिए हैं। हालांकि कोरोना के कारण इस बार रंग और गुलाल का कारोबार भी आधे से कम रहा है। चूंकि गेर और जुलूस पर पाबंदी है। इससे इस बार कारोबार कम हुआ है।

## कालिकामाता मंदिर में भी शाम को डांडा रोपा

शहर के ऐतिहासिक कालिका माता मंदिर में भी शाम को डांडा रोपा। जबकि हर बार सुबह ही डांडा रोप दिया जाता है। इसके बाद इसे फूलों से सजाया गया। महिलाओं ने इसका पूजन किया है और होलिका दहन हुआ। हर साल यहां दर्शनों के लिए लोगों की भीड़ उमड़ती है लेकिन लॉकडाउन के कारण दिनभर पूरे परिसर में सन्नाटा छाया रहा और रात को भी यही स्थिति रही और पूरा परिसर सुनसान रहा।




**शुभश्री कॉलोनी के बच्चों ने होलिका दहन किया, लोगों से कहा मास्क लगाएं**-शुभम श्री कॉलोनी के बच्चों ने होलिका दहन किया। इस दौरान उन्होंने कोरोना से बचाव के लिए मास्क लगाने की गुजारिश की। दिव्यांश, वासु, नयन, अंशु, रुद्र, ध्रुव सहित अन्य बच्चे मौजूद थे।



राजबाग में होलिका की परिक्रमा लगाते लोग और सेल्फी लेती महिलाएं।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– पत्रिका ---पृष्ठ 01 ...दिनांक 29/03/...2021

# अलकापुरी में ली स्वच्छता की शपथ



**रतलाम.** नगर के अलकापुरी में होलिका दहन के पूर्व होलिका की पूजा- अर्चना वैदिक मंत्रोच्चार के साथ की गई और स्वच्छता की शपथ ली गई। इस अवसर पर पूर्व पार्षद वंदना अनिल पुरोहित, यशोदा पंवार, चन्द्रिका बोहरा, यशोदा कौशिक, संगीता पुरोहित, मीना बोहरा, तनु पंवार आदि उपस्थित थी । सभी ने लॉकडाउन में नियमो का पालन कर सामाजिक दूरी का विशेष ख्याल रखा। पत्रिका 29-3-2021

## स्वच्छ अभियान : अलग-अलग कचरों की जानकारी दी

पत्रिका 29-3-2021



**रतलाम** | स्वच्छता संकल्प देश का हर रविवार विशेष सा अभियान के तहत रविवार को दीनदयाल नगर में जागरूकता अभियान चलाया गया। इसमें सफाई मित्र ने चार डस्टबिनों में डाले जाने वाले अलग-अलग कचरे की जानकारी दी। स्वच्छता अभियान और निगम द्वारा बनाई गई सफाई व्यवस्था के बारे में बताया। साथ ही गीला, सूखा, जैविक और हानिकारक कचरे के निपटान के बारे में समझाया गया। स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# सामूहिक जिम्मेदारी से ही स्वच्छ बनेगा शहर

पत्रिका 29-3-2021

रतलाम। नगर नगर निगम शहर की स्वच्छता को लेकर दिन-रात काम कर रहा है। साफ-सफाई केवल सफाई कर्मचारियों की ही जिम्मेदारी नहीं है, हम सभी नागरिकों की भी है। हमें नजरिया बदलना होगा। पुरानी आदतों को बदलने में समय लगेगा, लेकिन ये कोई मुश्किल काम भी नहीं है।

यह बात रविवार को विशेष थीम पर आयोजित स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम के दौरान गणमान्य नागरिकों ने कही। इस अवसर हर रविवार विशेष सा के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। नागरिकों ने एक-दूसरे से आह्वान किया है कि शहर की सफाई के लिए सभी लोगों की भागीदारी जरूरी है। लोग रोड पर जहां-तहां कूड़े-कचरे को न फेंके, बल्कि हमेशा डस्टबिन में ही कूड़े को डालें।

कलेक्टर और प्रशासक गोपालचन्द्र डाड के निर्देश और आयुक्त सोमनाथ झारिया के मार्गदर्शन में आयोजित रविवार को स्वच्छता जागरूकता के विशेष कार्यक्रमों के तहत आकर्षक रांगोली का निर्माण कर चार अलग-अलग डस्टबिनों के संबंध में नागरिकों को समझाइश दी गई। इसी के तहत रहवासी संघों के माध्यम से नागरिकों को गीला, सूखा, जैविक और हानिकारिक कचरे के निपटान के बारे में विस्तार से समझाया गया। स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने रहवासी संघों व विभिन्न समूहों से जुड़ी महिलाओं को समझाया कि शहर के सभी वार्डों को जीरों वेस्ट बनाने की प्रक्रिया निरन्तर जारी है और आने वाले दिनों में शहर के 49 ही वार्ड जीरो वेस्ट हो जाएंगे। इस प्रक्रिया में भी नागरिकों की भागीदारी जरूरी है।